an>

Title: Need to provide a stoppage of Ranikhet Express running from Kathgodam to Jaisalmer at Beawar station in Rajasthan.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र राजसमन्द के ब्यावर में निकलने वाली रानीखेत एक्सप्रैस, जो काठगोदाम से जैसलमेर की ओर जाती है, इसके ठहराव के सम्बन्ध में आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

ब्यावर राजस्थान का एक औद्योगिक क्षेत्र है और मिनरल्स की हृदयस्थली है। यहां पूरे भारत से सभी क्षेत्रों के लोग आते-जाते रहते हैं, व्यापारी आते-जाते रहते हैं। इस ब्यावर क्षेत्र से लोगों को आवागमन के साधन के लिए इस रानीखेत एक्सप्रैस का अगर ब्यावर में ठहराव दिया जाये तो इससे रेलवे को भी आर्थिक लाभ होगा और वहां के व्यापारियों को भी सुविधा उपलब्ध होगी। ब्यावर के अन्दर सुबह चार बजे से लेकर रात्रि के नौ बजे के बीच में जयपुर और दिल्ली के बीच में कोई साधन उपलब्ध नहीं होता। 14 घण्टे तक वहां कोई साधन आने वाले लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होता है। यह गाड़ी अगर वहां ठहराव करती है तो इसके डैस्टीनेशन पर पहुंचने पर भी कहीं विलम्ब नहीं होगा, क्योंकि अजमेर का जो ठहराव समय है, उसमें से थोड़ी सी कटौती करके अगर ब्यावर में इसका ठहराव किया जाये तो रेलवे को भी इसका फायदा होगा और वहां की जनता को भी इसका लाभ मिलेगा।

आपके माध्यम से मैं सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि इसके ऊपर गम्भीरता से विचार करे और सहयोग दे। धन्यवाद।